## एक नजर में

### श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर में आयोजित हुआ भण्डारा



**मन्दसौर।** श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर समिति जगतपुरा द्वारा मां अम्बे माता का प्रथम विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। मंदसौर की लगभग 5 से 7 हजार भक्तों ने विशाल भंडारे की प्रसादी का लाभ लिया। इस दौरान आदि शक्ति समिति द्वारा डमरू कला का भी आकर्षक प्रदर्शन किया। समिति के सुनील बंजारिया ने बताया समिति द्वारा आयोजित विशाल महाप्रसादी के आयोजन के प्रारंभ में सायंकाल महाआरती हुई तत्पश्चात् कन्या पूजन व कन्या भोजन हुआ उसके पश्चात् भंडारा शुरू हुआ जो रात्रि तक चलता रहा। भंडारे में समिति के सुनील बंजारिया, कमलेश लक्षकार, पिंकेश भाटी, सत्तू परमार, आनंद पाठक, मनीष भाटी, कैलाश नावेल्टी, मनीष पंडित, सुनीता भंडारी, दीपमाला मकवाना, रामेश्वर मकवाना, विनोद भाटी, रामेश्वर पंवार, पंकज सोलंकी, रमेश लक्षकार, रमेश परमार, चेतन चौहान सहित वार्ड वासी, मातृशक्ति, वार्ड व्यापारियों ने विशाल भंडारे को ऐतिहासिक सफल बनाने में भूमिका निभाई।

### किसान हितेश पाटीदार को मिली 31 हजार की राहत



**मंदसौर।** मंदसौर जिले की दलौदा तहसील के ग्राम रिछा लाल मुंहा के मेहनती किसान हितेश पाटीदार की सोयाबीन की फसल इस वर्ष पीला मोज़ेक रोग से बुरी तरह प्रभावित हुई थी। खेतों में हरी-भरी लहलहाती फसल अचानक पीली पड़ने लगी, जिससे उपज पर गहरा असर पड़ा। लगातार मेहनत और पूंजी लगाने के बावजूद फसल खराब हो जाने से श्री पाटीदार काफी चिंतित थे। लेकिन किसान हितैषी राज्य सरकार ने उनकी चिंता को समझा। खेतों में सर्वे करवाकर 31 हजार रुपए की मुआवजा राशि हितेश पाटीदार को प्रदान की गई। यह राशि उनके लिए न केवल आर्थिक सहारा बनी, बल्कि एक नई उम्मीद का संचार भी किया। हितेश पाटीदार ने कहा, की सोयाबीन की फसल पीला मोजक रोग से खराब हो गई थी। हम बहुत परेशान थे, लेकिन सरकार ने हमारी चिंता की, सर्वे कराया और मुआवजा राशि दी। इसके लिए मैं मध्य प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हृदय से धन्यवाद करता हूं। सरकार ने किसानों के दर्द को सच में समझा है।

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान अंतर्गत चौपाल का आयोजन



**मंदसौर।** ग्राम खजुरी रुंडा में चंदरसिंह सिसोदिया, विधायक गरोठ-भानपुरा ने पहुँचकर दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान में सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय पशुपालकों से संवाद कर उनके अनुभव सुने और उन्हें बेहतर पशुपालन व किसान कल्याण के उपायों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। विधायक श्री सिसोदिया ने कहा कि किसानों व पशुपालकों के साथ सीधे संपर्क स्थापित करना और उनकी समस्याओं को समझना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार द्वारा लागू योजनाओं का लाभ सभी किसानों तक पहुँचाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर कृषि विभाग एवं स्थानीय प्रतिनिधियों की टीम भी उपस्थित रही और पशुपालकों को आवश्यक जानकारी एवं सहायता प्रदान की गई।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की अंतिम चयन सूची का प्रकाशन

**मंदसौर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी बी. एल. विश्नोई ने जानकारी दी कि जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के चयन हेतु पूर्व में प्रकाशित सूची के आधार पर प्राप्त आपत्तियों का निराकरण जिला स्तरीय आपत्ति निराकरण समिति द्वारा किया गया है। समिति के निर्णयानुसार अब अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्राप्त आपत्तियों की विधिवत जांच एवं परीक्षण के उपरांत पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से अंतिम निर्णय लिए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि अंतिम प्रकाशित सूची का अवलोकन कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय, अनुविभागीय राजस्व कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं परियोजना कार्यालय में किया जा सकता है।


### जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 8 अक्टूबर को

**मंदसौर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुकूल जैन द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार की अध?यक्षता में 8 अक्टूबर 2025 को दोपहर 1ः00 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष मे आयोजित होगी।

### ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण 8 अक्टूबर से प्रारंभ

**मंदसौर।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर द्वारा पुरुषों हेतु निःशुल्क 38 दिवसीय कम्प्यूटर अकाउन्टिंग 30 दिवसीय इलेक्ट्रिशन (घरेलू विद्युत उपकरण सुधारना) 30 दिवसीय मोबाईल रिपेयरींग के प्रशिक्षण की ट्रेनिंग 08 अक्टुबर 2025 से प्रारंभ कर दि जाएगी। इच्छुक प्रत्याशी रजिस्ट्रेशन के लिएलिए अपने साथ दो फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी कार्ड, अंतिम मार्कशीट और बैंक खाते की डिटेल फोटो प्रति लेकर रजिस्ट्रेशन करवा लेवे। 18 से 50 वर्ष वाले प्रत्याशी ही इसमें रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। रजिस्ट्रेशन के लिए सर्किट हाउस के पहले नई आबादी पुलिस थाने के पास ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी) मोबाईल नंबर 6269058449 7999852839, 9111858590, 8435806297 पर कार्यालीन समय प्रातः 10 से 06 बजे तक संपर्क करें।

### हाफिज भाई का इंतकाल



**नाहरगढ।** मुसलमान समाज के हाफिज भाई मंसूरी का चलते फिरते असामयिक निधन हो गया है। हंसमुख व मिलनसार होने से सभी उन्हे हाफिज बाबूजी कहकर पुकारते थे। आपको टेंट व रजाई गादी के व्यवसाय का अच्छा खासा ज्ञान व अनुभव था। नगर व अंचल के साथ ही उनके दूर -दूर के ग्राहक थे जो पारिवारिक व्यवहार के साथ जुड़े हुए थे। इंतकाल की खबर अंचल व नगर के साथ ही जनचर्चा क्षेत्र मे होती रही है। हाफिज भाई एक सामाजिक कार्यकर्ता थे तथा सबको साथ लेकर चलते थे । आप कृषि के साथ अपना पारिवारिक व्यवसाय भी करते रहे । आपके विचार हमेशा समाज से उपर थे ओर आपका जीवन हमेशा व्यवहारिक जीवन रहा। आपके तीन भाई रजाक, गनी व ताज मोहम्मद तथा दो पुत्र आलम व फकरू मंसुरी है। नाहरगढ कब्रिस्तान मे उन्हे सुपुर्द ऐ खाक किया गया।




# लोकार्पण की जागी आस, कब होगी पूरी, आमजन कर रहे बेसब्री से इंतज़ार...!

**▸ सांवलियाजी मंदिर के समीप बनी पुलिया का नहीं हो सका लोकार्पण**

**नीमच।** नीमच सिटी स्थित सांवलियाजी मंदिर के पीछे नाले पर साढे 3 करोड की लागत से पुलिया निर्माण कार्य आखिरकार पूरा हो गया है लेकिन अब लोगों को इसके लोकार्पण का बेसब्री के साथ इंतजार है। गौरतलब है पुलिया निर्माण हुए एक लंबा अरसा बीत गया है,लेकिन इस पुलिया से आवागमन अब तक शुरु नहीं हो सका है। वर्तमान समय में इस मार्ग पर बनी पुलिया तो बन कर तैयार है लेकिन नीमच सिटी प्रताप व्यायाम शाला से लेकर पुलिया तक आने वाले मार्ग पर सीसी रोड कार्य में हुई देरी की वजह से पुलिया से आगवामन अब तक शुरु नहीं हो सका है। नीमच सिटी सांवलिया मंदिर के पास स्थित नाले की सफाई, सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य में हो रहे विलम्ब से आम लोगों इस विकास कार्य की सौगात का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

वर्षो पहले बने नीमच सिटी सांवलिया मंदिर के पीछे वाले मार्ग से नीमच केंट बायसपास रोड के बाद अब पुलिया से आवागमन शुरु होने का इंतजार-नीमच सिटी से नीमच कैंट आने के लिए बायपास रोड का निर्माण काफी समय पहले हो चुका है। इस मार्ग के बन जाने के बाद लोगों का काफी हद तक ट्रेफिक की समस्या से राहत मिली है। 35 हजार आबादी वाला नीमच सिटी क्षेत्र को अब पुलिया से आवागमन शुरु होने का इंतजार है।गौरतलब है नीमच नगरपालिका शहरी क्षेत्र आजादी के पहले से ही तीन भागों में बंटा है। नीमच कैंट के अलावा पुराने शहर बघाना और नीमचसिटी में रहवासी क्षेत्र हैं।

**कब क्या हुआ**

पुलिया निर्माण और नाला सौंदर्यीकरण के लिए विधायक दिलीपसिंह परिहार ने 2022 में योजना को स्वीकृत कराया था ।इसके पश्चात 2023 में में प्रशासकीय स्वीकृत के साथ साढे तीन करोड की राशि स्वीकृत हुई। अप्रैल 2024 में निर्माण कार्य शुरु किया गया था।
-पहले चरण में पुलिया निर्माण, रिटर्निग वॉल, सीसी रोड बनाया जाना था।
दूसरे चरण- बगीचा विकसित करने के साथ सौंदर्यीकरण के कार्य होना है।

**पुलिया निर्माण से यह मिलेगा फायदा**

नीमच सिटी के पांच वार्डों में निवासरत लोगों को कैंट क्षेत्र में आवागमन के लिए सीधा पर सरल मार्ग मिलेगा। सिटी फोरलेन (महू-नसीराबाद रोड) से नीमचसिटी के नागरिकों का जुड़ाव आसान होगा। करीब 1.5 किमी लंबा बायपास रोड के बनने से सांवलियाजी मंदिर के पीछे की रहवासी बस्ती, वार्ड 13 व 14 में आने वाले बगीचा नंबर-10, 13, खेत नंबर-4, राजीव नगर, महाराणा बंगला, पुलिस कॉलोनी, रहवासियों की राह आसान होगी। जनपद कार्यालय कार्नर से सिटी रोड पार करते हुए दूसरी तरफ सब्जी मंडी, फल मंडी है। साथ ही टैगोर मार्ग पर आते हैं। शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्र हैं। इस मार्ग से नीमचसिटी रहवासियों को ट्रैफिक जाम से तो निजात मिलेगी, सफर भी कम होगा।

**इनका कहना-**

पुलिया निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है शेष कार्य पूरा होते है संभवतया दिसम्बर माह में पुलिया का लोकार्पण संभव है।
**- दुर्गा बामनिया, सीएमओ, नगरपालिका नीमच।**

## दशहरा मैदान में उमड़ी भीड़, गूंजे जय सांवरिया सेठ के जयकारे



**▸ सांवरिया सेठ के भक्तों से पटा दशहरा मैदान, देर रात तक लिया गौकुल शर्मा के भजनों का आनंद**

**मनासा।** हल्का में ना लेवूं सांवरिया सेठ थारी माया ने... जैसे भजनों पर दशहरा मैदान भक्ति भाव से झूम उठा। प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा ने सांवलिया सेठ की अलौकिक महिमा का वर्णन करते हुए भक्तों को भक्ति रस में डुबो दिया। नगर परिषद मनासा द्वारा आयोजित दशहरा उत्सव एवं नगर गौरव दिवस के चौथे दिन आयोजित इस भव्य भजन संध्या में हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

गोकुल शर्मा ने जोगणिया माता और मंदिरों की नगरी मनासा पधारो भादवा माई भजन से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने सांवलिया सेठ की महिमा, उनके प्रकट होने की कथा, मंदिरों के इतिहास और भंडारे में आने वाली धनराशि के रहस्यों का उल्लेख किया।

उनके प्रसिद्ध भजन — सेठा सेठा में मारो सेठ तो सांवरियो है, मेरी गाड़ी मेरा बंगला सब तेरो सांवरिया सेठ, गाड़ियां गाड़ियां और होटला पर नाम लिखियो सांवरिया को पर श्रद्धालु नाच उठे।

**विधायक भी नहीं रोक पाए खुद को, भजनों पर झूम उठे**

कार्यक्रम में विधायक अनिरुद्ध (माधव) मारू स्वयं भजनों पर झूम उठे। मंचासीन अतिथियों में अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय (शाहपुरा) के संत श्री चेतन्यराम जी महाराज, नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी, सीएमओ रविश कादरी, भाजपा जिला मंत्री अश्विन सोनी, उपाध्यक्ष आशीष सारड़ा, कैलाश पुरोहित, श्याम सोनी, रामप्रसाद कसेरा, प्रवीण जोनवाल, सत्यनारायण लक्षकार, अनुसुईया राठौर, राजू माली, प्रियंका सचिन राठौर, हिना बंटी सहगल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।

**मोबाइल की फ्लैश लाइट से हुआ स्वागत**

जैसे ही गोकुल शर्मा मंच पर पहुंचे, पूरा मैदान मोबाइल की फ्लैश लाइटों से जगमगा उठा। विधायक, नगर परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित मंचासीन अतिथियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। भारी भीड़ की वजह से मैला स्थल तक पहुंचने में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। थाना प्रभारी शिव रघुवंशी की उपस्थिति में पुलिस प्रशासन द्वारा ट्राफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संभाला गया।

## जीरन में सफाई कर्मियों को नहीं मिल रहा वेतन, कैसे पाले परिवार




**नीमच। जिले के जीरन नगर परिषद के सफाई कर्मियों को 3 महीने से वेतन नहीं मिला। जिसे गुस्साए सफाई कर्मियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंच 22 सितम्बर को ज्ञापन सौप जीरन नगर परिषद के सीएमओ के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया था। जिसके बाद कलेक्टर द्वारा जीरन नगर परिषद के सफाई कर्मियों को तत्काल वेतन जारी करने के आदेश जारी किये गए।**

परन्तु जीरन नगर परिषद के सीएमओ द्वारा सफाई कर्मियों को 2 महीने का वेतन ही दिया गया था। ऐसे में सफाई कर्मियों में सीएमओ के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। ऐसे में अखिल भारतीय सफाई मजदुर संघ के नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र सरपटा ने बताया की गणेश उत्सव, नवरात्री, दशहरा जैसे प्रमुख त्योहारों पर जीरन नगर परिषद में कार्यरत समस्त सफाई कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है, सफाई कर्मचारियों को एरियल की किस्त एवं वेतन नहीं दिया गया है, जिसके चलते कई कर्मचारियों ने बैंकों से लोन एवं समूह लोन ले रखे हैं, उन लोन पर पेनल्टी लग रही है, सिविल खराब हो रही है, घरों के बिजली के बिल जमा नहीं हुए हैं और बच्चों की स्कूल की फीस जमा नहीं हुई है और घर परिवार में राशन आदि सामान लाने में बहुत कठिनाई हो रही है, जैसी कई अनेकों समस्याओं का सामना कर्मचारियों को करना पड़ रहा है। इस संबंध में जीरन मुख्य नगर परिषद अधिकारी से कई बार आवेदन / निवेदन किया जा चुका है, लेकिन हमारे वेतन भुगतान को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा है।

ऐसे में नगर परिषद द्वारा कर्मियों को जल्द वेतन एवं एरियल किस्त का भुगतान नहीं किया गया, तो मजबूरन अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले नगर परिषद में कार्यरत समस्त सफाई कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद कर हड़ताल पर जाएंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। जीरन नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को नवरात्रि एवं दशहरा, दीपावली जैसे राष्ट्रीय त्योहारों को देखते हुए वेतन का भुगतान किया जावे।

नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र सरपटा ने कहा कि उनके बच्चों की स्कूल की फीस भी रुकी हुई है और घर का खर्च कैसे चलेगा वहीं, एक महिला सफाई कर्मचारी ने बताया कि उनके पति बीमार चल रहे हैं और उनकी दवाई भी लानी होती है। उनके बच्चे स्कूल की फीस न जमा होने से घर पर बैठे हैं। स्कूल वाले फीस मांग रहे हैं, जब उनको वेतन ही नहीं मिल रहा तो वो कहां से स्कूल की फीस जमा करेंगे।

## परिषद बैठक में 24 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित, कांग्रेस नेता ने मिठाई खिलाकर किया विरोध



**नीमच।** नीमच नगर पालिका परिषद का विशेष सम्मेलन सोमवार को बंगला नं. 60 स्थित पुरानी नगर पालिका सभाकक्ष में आयोजित हुआ। यह सम्मेलन हंगामेदार रहा, जिसमें कांग्रेस पार्षद और नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति ने नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा को मिठाई खिलाकर ढिल्लन भूखंड मामले में कथित सफलता पर अनोखा विरोध दर्ज कराया। हालांकि, बैठक में 24 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

प्रजापति ने नपाध्यक्ष पर पद के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा, कि हम हार गए। आप अपने ढिल्लन भूखंड को अपनों के नाम करने में कामयाब रहीं, इसके लिए मैं मिठाई खिलाकर बधाई देता हूं। उन्होंने यह बधाई व्यंग्यात्मक तरीके से दी, जिससे परिषद के अंदर का राजनीतिक तनाव उजागर हुआ।

ढिल्लन भूखंड मामले के अलावा, सम्मेलन में कुत्तों की नसबंदी, बंगला-बगीचा में नामांतरण और वैध-अवैध कॉलोनियों जैसे विवादास्पद विषयों पर भी तीखी बहस हुई।

बैठक के दौरान सफाई कर्मचारियों ने भी प्रवेश कर अपनी मांगें उठाईं, जिससे कार्यवाही बाधित हुई। पार्षदों को शहरहित के विषयों पर गंभीरता से चर्चा करने के बजाय आपस में बातचीत करते और अंदर-बाहर आते-जाते देखा गया। हंगामे के कारण शहरवासियों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा सका और सम्मेलन हंगामे की छाया में ही संपन्न हुआ।

**एक नजर** | **सीआरपीएफ एवं भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर लौटे**

# मंदसौर जिले के दो वीर जवानों का हुआ भव्य स्वागत



**मन्दसौर। जिले के गांव अघोरिया के इंस्पेक्टर बाबूसिंह सिसोदिया (सीआरपीएफ) से सेवानिवृत्त एवं भारतीय सेना से सेवानिवृत होकर लौटे भारत सिंह बोराना गांव कचनारा (सौम्य) का भव्य स्वागत हुआ।**

रविवार को इंस्पेक्टर बाबू सिंह सिसोदिया 38 वर्ष देश सेवा पूर्ण कर सकुशल अपने ग्राम लौटे जहां मंदसौर रेलवे स्टेशन पर अ.भा.पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर के पूर्व सैनिकों द्वारासाफा श्रीफल एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया रक्तवीर रेड आर्मी संस्थापक दीपक राठौर एवं नगर के अन्य संगठन ने भी स्वागत सम्मान किया स्वागत रैली रेलवे स्टेशन से होते हुवे, उधमसिंह चौराहा,गांधी चौराहा, भारत माता चौराहा पर भव्य स्वागत के साथ आपने गांव अघोरिया के लिए रवाना हुवे जहां पर ग्रामवासियों ने जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्पेक्टर साहब का स्वागत किया।

वहीं मल्हारगढ़ तहसील के गांव कचनारा (सौम्या)के सैनिक भारत सिंह बोराना ने भारतीय सेना की और डिफेंस रेजिमेंट में 24 वर्ष देश सेवा करके सकुशल लौटे । सर्वप्रथम पिपलिया मंडी रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया, उसके बाद पिपलिया मंडी नगर परिषद ने भव्य स्वागत किया, गांधी चौराहा पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद तहसील इकाई मल्हारगढ़ द्वारा सेवानिवृत्ति सैनिक को साफा, श्रीफल एवं माला पिनाकर का भव्यता के साथ स्वागत सम्मान किया, तत्पश्चात सैनिक के पैतृक गांव के लिए रवाना हुवे, गुडबेली,नारायणगढ़ कचनारा में जगह-जगह पर गांववासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया।

इस अवसर पर समाजसेवी विनय दुबेला संगठन मार्गदर्शक एस आर जांगिड़(सेवानिवृत्ति सूबेदार) ,कैप्टन सुरेश परमार, मोहन पाम्पोंड़िया, भारत सिंह शक्तावत, इंस्पेक्टर भागीरथ गहलोत, जिला अध्यक्ष पूर्व सैनिक मुकेश गुर्जर, प्रहलाद राठौड़, जितेंद्र माली, रूपचंद महावर, नरेंद्र खटवड़, राजेंद्र सिंह शक्तावत, ऋषि राज गुर्जर, ईश्वर पाटीदार, दिनेश पाटीदार, दिनेश यादव, कमलेश देवड़ा, रोहित प्रजापत, मुकेश सोलंकी, जुगल किशोर विश्वकर्मा, दिलीप कुमार पाटीदार, भेरू लाल गहलोत, नंदकिशोर जाट, भीम सिंह, दिनेश परिहार, श्याम सिंह देवड़ा,सुभाष धनगर सहित पूर्व सैनिक सैनिक उपस्थित रहे।